# इतिहास पाठ-2: समाजवाद एवं साम्यवाद

Bihar Board Class 10 History | Complete Objective Question Bank

## SET 1: EASY LEVEL (BASIC CONCEPTS)

**1. समाजवाद उत्पादन के साधनों पर किसके स्वामित्व पर जोर देता है?**

A) निजी व्यक्तियों के
B) केवल राजा के
C) सरकार या समाज के
D) विदेशी कंपनियों के

✓ C) सरकार या समाज के

**2. 'वैज्ञानिक समाजवाद' का जनक किसे माना जाता है?**

A) सेंट साइमन
B) चार्ल्स फौरियर
C) लुई ब्लां
D) कार्ल मार्क्स

✓ D) कार्ल मार्क्स

**3. रूस में 'जार' का अर्थ क्या होता था?**

A) पीने का बर्तन
B) रूस का सामंत
C) रूस का सम्राट
D) पानी रखने का मिट्टी का पात्र

✓ C) रूस का सम्राट

**4. 'लाल सेना' (Red Army) का गठन किसने किया था?**

A) कार्ल मार्क्स
B) स्टालिन
C) ट्रॉटस्की
D) केरेन्सकी

✓ C) ट्रॉटस्की

**5. 'वार एंड पीस' (War and Peace) किसकी रचना है?**

A) कार्ल मार्क्स
B) टॉलस्टाय
C) दोस्तोंवस्की
D) एंजल्स

✓ B) टॉलस्टाय

**6. बोल्शेविक क्रांति कब हुई?**

A) फरवरी 1917
B) नवंबर 1917
C) अप्रैल 1917
D) जनवरी 1905

**✓ B) नवंबर 1917**

**7. 'दुनिया के मजदूरों एक हो', यह नारा किसने दिया?**

A) लेनिन
B) स्टालिन
C) कार्ल मार्क्स
D) रॉबर्ट ओवन

**✓ C) कार्ल मार्क्स**

**8. अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?**

A) 1 अप्रैल
B) 1 मई
C) 1 जून
D) 8 मार्च

**✓ B) 1 मई**

**9. साम्यवादी शासन का पहला प्रयोग कहाँ हुआ?**

A) रूस
B) जापान
C) चीन
D) क्यूबा

**✓ A) रूस**

**10. रूस की संसद को क्या कहा जाता है?**

A) पार्लियामेंट
B) संसद
C) ड्यूमा
D) डायट

**✓ C) ड्यूमा**

**11. लेनिन की मृत्यु कब हुई?**

A) 1921
B) 1922
C) 1923
D) 1924

**✓ D) 1924**

NOTESBIHAR.COM

**12. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था?**

A) इंग्लैंड
B) जर्मनी
C) इटली
D) रूस

**✓ B) जर्मनी**

**13. निम्न में से कौन 'यूटोपियन' (स्वप्नदर्शी) समाजवादी नहीं था?**

A) लुई ब्लां
B) सेंट साइमन
C) रॉबर्ट ओवन
D) कार्ल मार्क्स

**✓ D) कार्ल मार्क्स**

**14. रूस में कृषि दासता (Serfdom) का अंत कब हुआ?**

A) 1861
B) 1862
C) 1860
D) 1870

**✓ A) 1861**

**15. 'दास कैपिटल' किसकी रचना है?**

A) एंजल्स
B) दोस्तोंवस्की
C) टॉलस्टाय
D) कार्ल मार्क्स

**✓ D) कार्ल मार्क्स**

**16. 'चेका' (Cheka) क्या था?**

A) सेना की टुकड़ी
B) पुलिस दास्ता
C) पादरी वर्ग
D) श्रमिक वर्ग

**✓ B) पुलिस दास्ता (गुप्त पुलिस संगठन)**

**17. बोल्शेविक क्रांति का नेतृत्व किसने किया?**

A) स्टालिन
B) मार्क्स
C) लेनिन
D) केरेन्सकी

**✓ C) लेनिन**

NOTESBIHAR.COM

**18. रासपुटिन कौन था?**

A) समाज सुधारक

B) भ्रष्ट पादरी

C) वैज्ञानिक

D) दार्शनिक

**✓ B) भ्रष्ट पादरी**

**19. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?**

A) 4 जून

B) 1 दिसंबर

C) 15 अप्रैल

D) 8 मार्च

**✓ D) 8 मार्च**

**20. सोवियत संघ का विघटन किस वर्ष हुआ?**

A) 1953

B) 1985

C) 1991

D) 1989

**✓ C) 1991**

## SET 2: MEDIUM LEVEL (DATA & HISTORY)

**21. 'कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो' (साम्यवादी घोषणा पत्र) का प्रकाशन किस वर्ष हुआ?**

A) 1844

B) 1848

C) 1864

D) 1867

**✓ B) 1848**

**22. 'दास कैपिटल' (Das Kapital) का प्रकाशन किस वर्ष हुआ?**

A) 1848

B) 1864

C) 1867

D) 1883

**✓ C) 1867**

**23. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय संघ (First International) की स्थापना कब हुई?**

A) 1864 ई०

B) 1867 ई०

C) 1883 ई०

D) 1889 ई०

**✓ A) 1864 ई०**

NOTESBIHAR.COM

**24. द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संघ (Second International) की स्थापना कब और कहाँ हुई?**

A) 1830, फ्रांस
B) 1848, लंदन
C) 1864, लंदन
D) 1889, पेरिस

✓ D) 1889, पेरिस

**25. 'खूनी रविवार' (Bloody Sunday) की घटना किस तिथि को हुई (पुराने कैलेंडर के अनुसार)?**

A) 5 मई 1818
B) 9 जनवरी 1905
C) 8 मार्च 1917
D) 7 नवंबर 1917

✓ B) 9 जनवरी 1905

**26. रूस में 'नई आर्थिक नीति' (NEP) कब लागू की गई?**

A) 1917
B) 1919
C) 1921
D) 1924

✓ C) 1921

**27. 'ब्रेस्टलिटोवस्क की संधि' (1918) किन देशों के बीच हुई थी?**

A) रूस और इटली
B) रूस और फ्रांस
C) रूस और इंग्लैंड
D) रूस और जर्मनी

✓ D) रूस और जर्मनी

**28. 1917 की पहली रूसी क्रांति (फरवरी क्रांति) से किसका अंत हुआ?**

A) बोल्शेविक शासन का
B) जारशाही का
C) साम्यवाद का
D) दास प्रथा का

✓ B) जारशाही का

**29. 1917 की रूसी क्रांति के समय किस जार का शासन था?**

A) पीटर महान
B) एलेक्जेंडर प्रथम
C) निकोलस प्रथम
D) निकोलस द्वितीय

✓ D) निकोलस द्वितीय

**30. 1904-05 के युद्ध में रूस को किस देश से पराजय मिली, जिसने क्रांति को जन्म दिया?**

A) चीन
B) जापान
C) जर्मनी
D) ब्रिटेन

**✓ B) जापान**

**31. स्टालिन की मृत्यु कब हुई?**

A) 1951
B) 1952
C) 1953
D) 1954

**✓ C) 1953**

**32. 'यूटोपियन समाजवादी' रॉबर्ट ओवन कहाँ का निवासी था?**

A) फ्रांस
B) जर्मनी
C) ब्रिटेन (स्कॉटलैंड)
D) ऑस्ट्रिया

**✓ C) ब्रिटेन (स्कॉटलैंड)**

**33. 'भूमि, शांति और रोटी' - ये तीन नारे किसने दिए?**

A) लेनिन
B) ट्रॉटस्की
C) स्टालिन
D) कार्ल मार्क्स

**✓ A) लेनिन**

**34. 1917 की अक्टूबर क्रांति के बाद रूस में किस दल की सरकार बनी?**

A) मेनशेविक
B) बोल्शेविक
C) उदारवादी
D) राजतंत्रवादी

**✓ B) बोल्शेविक**

**35. लेनिन ने 'अप्रैल थीसिस' (April Theses) कब प्रस्तुत की?**

A) 1917 में
B) 1918 में
C) 1921 में
D) 1924 में

**✓ A) 1917 में**

NOTESBIHAR.COM

**36. सोवियत संघ (USSR) का गठन औपचारिक रूप से कब हुआ?**

A) 1917
B) 1920
C) 1923-24
D) 1930

**✓ C) 1923-24 (संविधान 1918, पूर्ण संघ गठन बाद में)**

**37. 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी' की स्थापना 1898 में किसने की?**

A) लेनिन
B) प्लेखानोव
C) ट्रॉट्स्की
D) टॉलस्टाय

**✓ B) प्लेखानोव**

**38. 'बोल्शेविक' और 'मेनशेविक' दल का विभाजन किस वर्ष हुआ?**

A) 1898 में
B) 1903 में
C) 1905 में
D) 1917 में

**✓ B) 1903 में**

**39. नई आर्थिक नीति (NEP) में लेनिन ने क्या प्रमुख बदलाव किया?**

A) पूरी तरह पूंजीवाद अपनाया
B) अनाज की जबरन वसूली बंद की और निश्चित कर लगाया
C) सभी उद्योग निजी हाथों में दे दिए
D) बैंकों का निजीकरण किया

**✓ B) अनाज की जबरन वसूली बंद की और निश्चित कर लगाया**

**40. कार्ल मार्क्स की मृत्यु किस वर्ष हुई थी?**

A) 1881
B) 1882
C) 1883
D) 1884

**✓ C) 1883**

## SET 3: HARD LEVEL (DEEP CONCEPTS & CHRONOLOGY)

**41. 'ऐतिहासिक भौतिकवाद' (Historical Materialism) के सिद्धांत के अनुसार इतिहास की हर घटना का मूल कारण क्या होता है?**

A) धार्मिक विश्वास
B) महान नेताओं की इच्छाशक्ति
C) आर्थिक शक्तियाँ और उत्पादन प्रणाली
D) भौगोलिक परिस्थितियाँ

**✓ C) आर्थिक शक्तियाँ और उत्पादन प्रणाली**

NOTESBIHAR.COM

**42. सेंट साइमन (Utopian) और कार्ल मार्क्स (Scientific) के विचारों में मुख्य अंतर क्या था?**

A) साइमन वर्ग संघर्ष चाहते थे, मार्क्स नहीं

B) साइमन वर्ग समन्वय चाहते थे, मार्क्स वर्ग संघर्ष को अनिवार्य मानते थे

C) दोनों धर्म के समर्थक थे

D) मार्क्स शांतिपूर्ण परिवर्तन चाहते थे

**✓ B) साइमन वर्ग समन्वय चाहते थे, मार्क्स वर्ग संघर्ष को अनिवार्य मानते थे**

**43. फ्रांसीसी यूटोपियन चिंतकों में एकमात्र व्यक्ति कौन था जिसने राजनीति में भी सक्रिय हिस्सा लिया?**

A) चार्ल्स फौरियर

B) रॉबर्ट ओवन

C) लुई ब्लां

D) सेंट साइमन

**✓ C) लुई ब्लां**

**44. "मजदूरों के पास सिवाय अपनी बेड़ियों के खोने के लिए कुछ भी नहीं है" - यह प्रसिद्ध कथन किसका है?**

A) लेनिन

B) ट्रॉटस्की

C) कार्ल मार्क्स

D) रोबर्ट ओवन

**✓ C) कार्ल मार्क्स**

**45. रूसी क्रांति का सही कालक्रम (Chronology) क्या है?**

A) बोल्शेविक क्रांति -> खूनी रविवार -> फरवरी क्रांति

B) खूनी रविवार (1905) -> फरवरी क्रांति (1917) -> बोल्शेविक क्रांति (अक्टूबर 1917)

C) फरवरी क्रांति -> खूनी रविवार -> गृहयुद्ध

D) बोल्शेविक क्रांति -> फरवरी क्रांति -> खूनी रविवार

**✓ B) खूनी रविवार (1905) -> फरवरी क्रांति (1917) -> बोल्शेविक क्रांति (अक्टूबर 1917)**

**46. "तीन कदम आगे बढ़कर एक कदम पीछे हटना - फिर भी दो कदम आगे रहने के समान है।" लेनिन ने यह किस नीति के बचाव में कहा था?**

A) युद्धरत साम्यवाद (War Communism)

B) नई आर्थिक नीति (NEP)

C) ब्रेस्टलिटोवस्क की संधि

D) लाल सेना का गठन

**✓ B) नई आर्थिक नीति (NEP)**

**47. जार निकोलस द्वितीय द्वारा अपनाई गई 'रूसीकरण' (Russification) की नीति का मुख्य परिणाम क्या हुआ?**

A) रूस में एकता स्थापित हुई

B) गैर-रूसी अल्पसंख्यकों (जैसे पोल, फिन) में विद्रोह की भावना भड़की

C) शिक्षा का स्तर सुधरा

D) रूसी भाषा का लोप हो गया

**✓ B) गैर-रूसी अल्पसंख्यकों (जैसे पोल, फिन) में विद्रोह की भावना भड़की**

**48. 'युद्धरत साम्यवाद' (War Communism) के विफल होने का मुख्य कारण क्या था?**

A) विदेशी आक्रमण

B) किसानों द्वारा अनाज जलाना और उत्पादन में भारी गिरावट

C) सेना का असहयोग

D) जार की वापसी

**✓ B) किसानों द्वारा अनाज जलाना और उत्पादन में भारी गिरावट**

**49. बोल्शेविक क्रांति के तुरंत बाद लेनिन ने जमीन के पुनर्वितरण का आदेश क्यों दिया?**

A) क्योंकि वह किसानों से डरता था

B) क्योंकि समाजवादी व्यवस्था में भूमि पर राज्य का नियंत्रण होता है (वैधता प्रदान करने के लिए)

C) ताकि किसान अमीर बन सकें

D) ताकि जार वापस आ सके

**✓ B) क्योंकि समाजवादी व्यवस्था में भूमि पर राज्य का नियंत्रण होता है (वैधता प्रदान करने के लिए)**

**50. 'कोमिन्टर्न' (Communist International) की स्थापना का मूल उद्देश्य क्या था?**

A) प्रथम विश्व युद्ध को रोकना

B) रूस में जारशाही को पुनर्स्थापित करना

C) क्रांति का प्रचार करना और विश्व के साम्यवादी दलों को एकजुट करना

D) केवल आर्थिक व्यापार बढ़ाना

**✓ C) क्रांति का प्रचार करना और विश्व के साम्यवादी दलों को एकजुट करना**

**51. 'मेनशेविक' दल का मुख्य राजनीतिक दृष्टिकोण क्या था?**

A) वे तत्काल सर्वहारा क्रांति चाहते थे

B) वे पहले मध्यवर्गीय (बुर्जुआ) क्रांति और संवैधानिक राजतंत्र के पक्षधर थे

C) वे जार की तानाशाही का समर्थन करते थे

D) वे कृषि दासता बनाए रखना चाहते थे

**✓ B) वे पहले मध्यवर्गीय (बुर्जुआ) क्रांति और संवैधानिक राजतंत्र के पक्षधर थे**

**52. 1917 की फरवरी क्रांति के बाद गठित 'अंतरिम सरकार' (Provisional Govt) के पतन का मुख्य कारण क्या था?**

A) इसने युद्ध (प्रथम विश्व युद्ध) जारी रखा और जनता की सामाजिक माँगें पूरी नहीं कीं

B) इसने लेनिन को प्रधानमंत्री बना दिया

C) इसने जर्मनी के साथ तुरंत संधि कर ली

D) इसने जार को वापस गद्दी पर बिठा दिया

**✓ A) इसने युद्ध (प्रथम विश्व युद्ध) जारी रखा और जनता की सामाजिक माँगें पूरी नहीं कीं**

**53. 'द्वंद्वात्मक भौतिकवाद' (Dialectical Materialism) का विचार मार्क्स ने किस दार्शनिक से ग्रहण किया था?**

A) कांट

B) हीगल

C) रूसो

D) मोंटेस्क्यू

**✓ B) हीगल**

NOTESBIHAR.COM

54. 'प्रत्येक को उसकी क्षमता के अनुसार तथा प्रत्येक को उसके कार्य के अनुसार' - यह सिद्धांत सबसे पहले किसने प्रतिपादित किया?

A) कार्ल मार्क्स
B) सेंट साइमन
C) लुई ब्लां
D) लेनिन

✓ B) सेंट साइमन

55. स्टालिन के शासनकाल की सबसे बड़ी नकारात्मक विशेषता क्या थी?

A) औद्योगीकरण का रुक जाना
B) लोकतंत्र, प्रेस की स्वतंत्रता का नाश और तानाशाही व्यवहार
C) द्वितीय विश्व युद्ध में हार
D) अमेरिका से मित्रता

✓ B) लोकतंत्र, प्रेस की स्वतंत्रता का नाश और तानाशाही व्यवहार

56. प्रथम इंटरनेशनल (1864) में कार्ल मार्क्स ने मजदूरों को क्या मुख्य सलाह दी थी?

A) मशीनों को तोड़ दो
B) अपनी मुक्ति स्वयं अपने प्रयत्नों से प्राप्त करो और पूंजीवाद का विनाश करो
C) सरकार के साथ समझौता करो
D) खेती की ओर लौटो

✓ B) अपनी मुक्ति स्वयं अपने प्रयत्नों से प्राप्त करो और पूंजीवाद का विनाश करो

57. लेनिन की नई आर्थिक नीति (NEP) में 'छूट' की सीमा क्या थी?

A) सभी बड़े उद्योगों को निजी कर दिया गया
B) 20 से कम कर्मचारियों वाले उद्योगों को व्यक्तिगत रूप से चलाने का अधिकार मिला
C) विदेशी व्यापार पूरी तरह खोल दिया गया
D) बैंकों का राष्ट्रीयकरण रद्द कर दिया गया

✓ B) 20 से कम कर्मचारियों वाले उद्योगों को व्यक्तिगत रूप से चलाने का अधिकार मिला

58. रूस में 'गृहयुद्ध' (Civil War) के दौरान विदेशी राष्ट्रों (अमेरिका, जापान, ब्रिटेन) ने हस्तक्षेप क्यों किया?

A) वे लेनिन की मदद करना चाहते थे
B) वे समाजवाद के प्रसार को रोकना चाहते थे (क्रांति विरोधी हस्तक्षेप)
C) वे रूस की जमीन हड़पना चाहते थे
D) वे जार से बदला लेना चाहते थे

✓ B) वे समाजवाद के प्रसार को रोकना चाहते थे (क्रांति विरोधी हस्तक्षेप)

59. 'ग्लासनोस्त' (खुलापन) और 'पेरेस्त्रोइका' (पुनर्गठन) की नीतियों का सोवियत संघ पर क्या प्रभाव पड़ा?

A) सोवियत संघ और मजबूत हुआ
B) शीत युद्ध तेज हो गया
C) सोवियत संघ के विघटन की प्रक्रिया तेज हुई
D) स्टालिन वापस सत्ता में आए

✓ C) सोवियत संघ के विघटन की प्रक्रिया तेज हुई (1991 में विघटन)

NOTESBIHAR.COM

**60. शीत युद्ध (Cold War) का मूल कारण क्या था?**

A) क्षेत्र विस्तार की लड़ाई

B) पूंजीवादी (अमेरिका) और साम्यवादी (रूस) विचारधाराओं का आपसी संघर्ष

C) धर्म युद्ध

D) तेल के लिए लड़ाई

**✓ B) पूंजीवादी (अमेरिका) और साम्यवादी (रूस) विचारधाराओं का आपसी संघर्ष**



NOTESBIHAR.COM